Title: Need for proper repair and maintenance of Ranchi-Gumla-Chhatisgarh and Kuddu-Gumla National Highways.

**डॉ. रामेश्वर उरांव (लोहरदगा) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके मार्फत से परिवहन मंत्री का ध्यान रांची से गुमला-छत्तीसगढ़ तथा कुडु से गुमला जाने वाली राष्ट्रीय उच्च पथ की खराब स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इन दोनों सड़कों की मरम्मत विगत पांच-छः वर्षों से नहीं हुयी है। नतीजा यह है कि जगह जगह गड्ढे बन गये हैं। गाड़ियों के चलने में बहुत कठिनाई हो रही है। कई दुर्घटनाएं भी हुयी हैं, जिनमें यात्रियों की मृत्यु भी हुयी है। इन सड़कों के अत्यंत खराब रहने के कारण लोगों को आने जाने में बहुत दिक्कत हो रही है। वाहन मालिकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। मैं मांग करता हूं कि मंत्री महोदय इन सड़कों की मरम्मत संबंधी कार्रवाई शीघ्र करें।